रजिस्ट्री सं० डी- 222

REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 46] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 13, 1971 (कार्तिक 22, 1893)

No. 46] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 13, 1971 (KARTIKA 22, 1893)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

नोटिस

(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 8 फरवरी 1971 तक प्रकाशित किये गये हैं :

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to 8th February 1971 :—

अंक (Issue No.)	संख्या और तिथि (No. and Date)	द्वारा जारी किया गया (Issued by)	विषय (Subject)
1	2	3	4

शून्य

—NIL—

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी । मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं ।

Copies of the *Gazette Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Manager of Publications, Civil Lines Delhi. Indents should be submitted so as to reach the manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . .	915
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1613
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	1309
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . . .	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्टें . .	—
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—(रक्षा मन्त्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं) . . .	4641
भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—रक्षा मन्त्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं .	5847
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश .	965
भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	1487
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिसें	413
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं .	175
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं . . .	2357
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें . .	213
पूरक संख्या 45—	
30 अक्तूबर 1971 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी सम्बंधी साप्ताहिक रिपोर्ट	1903
9 अक्तूबर 1971 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु सम्बन्धी आंकड़े .	1915

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	915
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1613
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notification regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	1309
PART II—SECTION 1.—Arts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories	4641
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	5847
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	965
PART III—SECTION 1.—Notification issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India ..	1487
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta ..	413
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	175
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2357
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	213
SUPPLEMENT NO. 45	
Weekly Epidemiological Reports for weeks ending 30th October 1971	1903
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week ending 9th October 1971	1915

भाग I—खण्ड 1

(PART I—SECTION 1)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

मन्त्रिमण्डल सचिवालय

(कार्मिक विभाग)

(नियम)

नई दिल्ली, दिनांक 13 नवम्बर 1971

सं० 6/31/71-सी० एस०-1—निम्नलिखित सेवाओं/पदों में खाली जगहों को भरने के लिए 1972 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के नियम आम जानकारी के लिए प्रकाशित किए जा रहे हैं

(i) भारतीय विदेश सेवा (बी०) के सामान्य काडर (सहायक) का ग्रेड-IV,

(ii) रेलवे बोर्ड मुख्यालय सिविल सेवा—सहायक ग्रेड,

(iii) केन्द्रीय सचिवालय सेवा—सहायक ग्रेड,

(iv) सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा—सहायक ग्रेड,

(v) महानिदेशालय, अनुसंधान, रूपरेखा और मानक संगठन, लखनऊ में सहायक के पदों, और

(vi) भारत सरकार के अन्य विभागों और संबद्ध कार्यालयों में, जो भारतीय विदेश सेवा (ख)/रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा। केन्द्रीय सचिवालय सेवा/सशस्त्र सेनाएं मुख्यालय असैनिक सेवा में सम्मिलिखित नहीं हैं, सहायकों के पद।

एक उम्मीदवार उपर्युक्त किसी भी एक या अधिक सेवाओं। पदों के लिए प्रतियोगी हो सकता है। वह जितनी सेवाओं/पदों के लिए चाहता है कि उस पर विचार किया जाए, उनका उल्लेख अपने आवेदन पत्र में कर सकता है।

नोट : उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है कि जिन सेवाओं/पदों के लिए वे चाहते हैं उन पर विचार किया जाए, उनका अधिमान क्रम से स्पष्ट उल्लेख करें। उम्मीदवार ने अपने आवेदन पत्र में सेवाओं/पदों के लिए जिस अधिमान क्रम का मूल रूप से उल्लेख किया है, उसमें परिवर्तन के लिए किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायगा, यदि वह 30 नवम्बर, 1972 को या उससे पहले संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में न पहुंच गया हो।

2. संघ लोक सेवा आयोग यह परीक्षा इन नियमों के परिशिष्ट II में निर्धारित विधि से लेगा।

परीक्षा की तारीख और स्थान आयोग द्वारा निर्धारित किये जाएंगे।

3. उम्मीदवार या तो—

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) सिक्किम की प्रजा, या

(ग) नेपाल की प्रजा, या

(घ) भूटान की प्रजा, या

(ङ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी, जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पहली जनवरी, 1962 से पहले भारत आ गया हो, या

(च) कोई भारत-मूलक व्यक्त जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, लंका और पूर्वी अफ्रिका, कैनिया, उगांडा तथा तंजानिया संयुक्त गणराज्य (भूतपूर्व तंगानिका तथा जंजीबार) देशों से आया हो।

परन्तु ऊपर की (ग), (घ), (ङ) और (च) कोटयों के अंतर्गत आने वाले उम्मीदवार के पास भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता (एलिजिबिलिटी) प्रमाण पत्र होना चाहिए।

ऊपर की (च) कोटि के वे गैर-नागरिक, जो संविधान लागू होने की तारीख अर्थात् 27 जनवरी, 1950 से पहले भारत सरकार की सेवा में आए और तब से लगातार नौकरी कर रहे हैं और जिनके सेवाकाल में कोई भंग (ब्रेक) नहीं हुआ है। लेकिन यदि किसी व्यक्ति के सेवाकाल में भंग हुआ हो और उसने 26 जनवरी, 1950 के बाद उक्त सेवा दुबारा शुरू की हो या शुरू कर सके तो उसे भी औरों की तरह पात्रता प्रमाण पत्र देना होगा।

परीक्षा में उस उम्मीदवार को भी बैठने दिया जा सकता है जिसके लिए पात्रता प्रमाण पत्र आवश्यक हो और उसे सरकार द्वारा आवश्यक प्रमाण पत्र दिए जाने की शर्त के साथ अनन्तिम (प्रोविजनल) रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है।

4. जो उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का न हो या पांडिचेरी संघ राज्य क्षेत्र का निवासी न हो या संघ-राज्य क्षेत्र गोवा, दमन और दीव का निवासी न हो या पूर्वी अफ्रिका, केनिया, युगान्डा और तंजानिया संयुक्त गणराज्य (भूतपूर्व तंगानिका और जंजीबार) का प्रजनक न हो उसे इस परीक्षा में अधिक से अधिक दो बार बैठने दिया जायेगा। यह प्रतिबन्ध सन् 1962 की परीक्षा के समय से लागू है।

नोट 1. यदि उम्मीदवार एक या अधिक सेवाओं/पदों के लिए प्रतियोगिता-परीक्षा में बैठा हो तो इस नियम के प्रयोजन के लिए

यह मान लिया जाएगा कि व प्रतियोगिता परीक्षा में एक बार उक्त परीक्षा के अंतर्गत आने वाली सब सेवाओं/पदों के लिए बैठ चुका है

नोट–2. यदि उम्मीदवार ने वस्तुतः एक या अधिक विषयों की परीक्षा दी हो तो यह माना जाएगा कि वह प्रतियोगिता परीक्षा में बैठ चुका है।

5. (क) इस परीक्षा में बैठने के लिए यह आवश्यक है कि पहली जनवरी, 1962 को उम्मीदवार की आयु पूरे 20 साल की हो चुका हो किन्तु किसी भी हालत में उसकी आयु पूरी 24 साल की न हो, अर्थात् उसका जन्म 2 जनवरी, 1948 से पहले न हुआ हो और 1 जनवरी, 1962 के बाद न हुआ हो।

परन्तु ऐसा उम्मीदवार भी इस परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए पात्र होगा, जिसका जन्म 2 जनवरी, 1948 से पहले हुआ था परन्तु 2 जनवरी, 1947 से पहले नहीं हुआ था। यह छूट केवल सन 1972 में ली जाने वाली परीक्षा के लिए ही उपलब्ध होगी।

(ख) ऊपर बतायी गई ऊपरी आयु-सीमा में इस प्रकार छूट दी जा सकती है

(i) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से हो तो अधिक से अधिक पांच वर्ष तक;

(ii) यदि उम्मीदवार पूर्व पाकिस्तान का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक;

(iii) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या किसी अनुसूचित आदिम जाति का हो तो तथा पूर्व पाकिस्तान का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति भी हो और 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक;

(iv) यदि उम्मीदवार पांडिचेरी के संघ-राज्य क्षेत्र का निवासी हो और उसने किसी समय फ्रांसीसी भाषा के माध्यम से शिक्षा प्राप्त की हो तो अधिक से अधिक पांच वर्ष तक;

(v) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से वास्तविक भारत-मूलक प्रत्यावर्तित व्यक्ति (रिपैट्रियेट) हो और अक्तूबर, 1964 के भारत-श्रीलंका समझौते के अधीन नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक;

(vi) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो और श्रीलंका से वास्तविक भारत-मूलक प्रत्यावर्तित व्यक्ति भी हो और अक्तूबर, 1964 के भारत-श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक;

(vii) यदि उम्मीदवार भारत-मूलक व्यक्ति हो और उसने केनिया, युगान्डा या तंजानिया संयुक्त गणराज्य (भूतपूर्व तांगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक;

(viii) यदि उम्मीदवार बर्मा से वास्तविक भारत-मूलक प्रत्यावर्तित व्यक्ति (रिपैट्रिएट) हो और उसने 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक;

(ix) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या किसी अनुसूचित आदिम जाति का हो और बर्मा से वास्तविक भारत-मूलक प्रत्यावर्तित व्यक्ति भी हो और उसके 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक;

(x) किसी दूसरे देश के साथ लड़ाई में या किसी अशांत क्षेत्र में कार्यवाही के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से मुक्त किये गये रक्षा कर्मचारियों को अधिक से अधिक तीन वर्ष तक;

(xi) किसी दूसरे देश के साथ लड़ाई में या किसी अशांत क्षेत्र में कार्रवाई के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से मुक्त किये गये ऐसे रक्षा कर्मचारियों के लिए जो अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित आदिम जाति के हों अधिक से अधिक आठ वर्ष तक; और

(xii) यदि कोई उम्मीदवार संघ-राज्य क्षेत्र गोआ, दमन तथा दीव का निवासी हो तो अधिक-से-अधिक तीन वर्ष तक।

ऊपर बतायी गई दशाओं के अलावा, निर्धारित आयु सीमा में किसी भी अवस्था में छूट नहीं दी जा सकती।

6. उम्मीदवार के पास परिशिष्ट I में उल्लिखित किसी भी विश्वविद्यालय की डिग्री होनी चाहिए, या उसमें परिशिष्ट I-क में उल्लिखित योग्यताओं में से कोई योग्यता होनी चाहिए।

नोट 1. यदि कोई उम्मीदवार किसी ऐसी परीक्षा में बैठ चुका हो जिस में पास होने पर वह इस परीक्षा में बैठ सकता है लेकिन जिस के परिणाम की सूचना उसे अभी तक नहीं मिली हो, तो ऐसी स्थिति में वह इस परीक्षा में बैठने के लिए आवेदन पत्र भेज सकता है। जो उम्मीदवार उक्त किसी अर्हक (क्वालीफाइंग) परीक्षा में बैठना चाहता हो, वह भी आवेदन पत्र दे सकता है, बशर्ते कि वह अर्हक परीक्षा इस परीक्षा के शुरू होने से पहले समाप्त हो जाए। ऐसे उम्मीदावार यदि अन्य सभी दृष्टियों से योग्य हों तो उन्हें परीक्षा में बैठने दिया जाएगा, लेकिन परीक्षा में बैठने की ऐसी अनुमति अनन्तिम (प्रोविजनल) मानी जाऐगी, लेकिन परीक्षा और यदि वे उक्त परीक्षा के पास करने का प्रमाण जल्दी-से-जल्दी, और हर हालत में इस परीक्षा के शुरू होने की तारीख से अधिक-से-अधिक दो महीने के अन्दर, प्रस्तुत नहीं करते तो यह अनुमति रद्द कर दी जा सकती है।

नोट 2. विशेष मामलों में, संघ लोक सेवा आयोग ऐसे किसी भी उम्मीदवार को, जिस में कोई भी उपर्युक्त अर्हताएं न हों, शैक्षिक दृष्टि से योग्य मान सकता है, बशर्ते कि उसने अन्य संस्थाओं में से किसी के द्वारा ली गई कोई ऐसी परीक्षा पास कर ली हो जिसका

स्वरूप आयोग के मतानुसार ऐसा हो कि उसके आधार पर उम्मीदवार को उक्त परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है ।

नोट-3 जो उम्मीदवार अन्य सभी दृष्टियों से योग्य हों, पर जिन्होंने ऐसे विदेशी विश्वविद्यालयों से डिग्रियां ली हों, जिन्हें परिशिष्ट 1 में शामिल नहीं किया गया हो, वे भी आयोग को अपना आवेदन-पत्र भेज सकते हैं, और आयोग चाहे तो उन्हें भी परीक्षा में बैठने की अनुमति दे सकता है ।

7. ऐसा कोई व्यक्ति :—

(क) जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो या विवाह का विधितः समझौता किया हो जिसकी पत्नी/पति जीवित हो, अथवा

(ख) जिसने, अपनी पत्नी/पति के जीवित रहते ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो या विवाह का विधितः समझौता किया हो,

उक्त पद पर नियुक्ति के योग्य नहीं होगा ।

बशर्ते कि केन्द्रीय सरकार यदि इस ओर से संतुष्ट हो कि ऐसे व्यक्ति पर और विवाह संबंधी अन्य पक्ष पर लागू होने वाले व्यक्तिक नियमों के अन्तर्गत ऐसे विवाह की अनुमति दी जा सकती है, और ऐसा करने के दूसर आधार भी हों तो वह किसी भी व्यक्ति को इस नियम बंधन से छूट दे सकती है ।

8. जो उम्मीदवार स्थायी या अस्थायी हैसियत से पहले से ही सरकारी सेवा में हों, उसे परीक्षा में बैठने से पहले विभाग-अध्यक्ष की अनुमति अवश्य ले लेनी चाहिए ।

9. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जिससे वह सम्बन्धित सेवा के अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन न कर सके । यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित डाक्टरी परीक्षा के बाद किसी उम्मीदवार के बारे में यह ज्ञात हो कि वह इन आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकता है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी । केवल उन्हीं उम्मीदवारों की डाक्टरी परीक्षा की जायेगी जिनकी नियुक्ति पर विचार किए जाने की सम्भावना हो ।

10. परीक्षा में पास हो जाने से नियुक्ति का अधिकार तब तक नहीं मिलता जब तक कि सरकार आवश्यक जांच के बाद संतुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार इस सेवा में पद पर नियुक्ति के लिए हर प्रकार से योग्य है ।

11. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अंतिम होगा ।

12. किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक कि उसके पास आयोग का प्रवेश प्रमाण-पत्र (सार्टिफिकेट ऑफ एडमीशन) न हो ।

13. उम्मीदवारों को आयोग के नोटिस के अनुबंध 1 में निर्धारित फीस देनी होगी ।

14. यदि कोई उम्मीदवार किसी और प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करने की कोई कोशिश करेगा तो उसे परीक्षा में बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है ।

15. यदि कोई उम्मीदवार इस बात का दोषी हो या आयोग द्वारा इस बात का दोषी ठहराया गया हो कि उसने किसी दूसरे व्यक्ति से अपनी परीक्षा दिलवाई है या जाली प्रमाण-पत्र आदि पेश किए हैं या ऐसे प्रमाण-पत्र पेश किए हैं जिन में कोई हेरफेर किया गया है या कोई ऐसी बात लिखी है जो गलत है या झूठी है या कोई प्रमुख तथ्य छिपाया गया है या परीक्षा में बैठने के लिए किसी और अनियमित या अनुचित तरीके से काम लिया है या परीक्षा भवन में अनुचित तरीकों से काम लिया है या काम लेने की कोशिश की है या परीक्षा भवन में अनुचित आचरण किया है तो उसका दांडिक अभियोजन (क्रिमिनल प्रोसीक्यूशन) किया जा सकता है ।

(क) साथ ही, उसे हमेशा के लिए या किसी विशेष अवधि के लिए :—

(i) आयोग द्वारा उम्मीदवारों के चुनाव के लिए ली जाने वाली किसी भी परीक्षा या इन्टरव्यू में शामिल होने से आयोग रोक सकता है; और

(ii) केन्द्रीय सरकार, सरकारी नौकरी करने से रोक सकती है ।

(ख) यदि वह पहले से ही सरकारी नौकरी में हो, तो उपयुक्त नियमों के अधीन उसके विरुद्ध अनुशासनिक कारवाई की जा सकाती है ।

16. अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिए उतनी खाली जगह आरक्षित की जाएंगी जितना कि सरकार तय करे ।

अनुसूचित जातियों/आदिम जातियों के वे ही अर्थ है जो बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1960 और पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के साथ पठित और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिम जाति सूचियां (उपान्तरण) आदेश, 1956 द्वारा संशोधित संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1951, संविधान (अनुसूचित आदिम जाति) आदेश, 1951 और संविधान (जम्मू व कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956, संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीप) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1959, संविधान (दादरा और नगर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962 संविधान दादरा और नगर हवेली अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1962, संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964, संविधान अनुसूचित आदिम जाति (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967, संविधान (गोवा, दमन और दयू) अनुसूचित जाति आदेश, 1968, संविधान (गोवा, दमन और दयू) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1968 और संविधान (नागालैंड) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1970 में उल्लिखित किसी जाति के लिए दिए गए हैं ।

17. परीक्षा के बाद आयोग हर एक उम्मीदवार को अंतिम रूप से दिये गए कुल प्राप्तांकों के आधार पर उनके योग्यता-क्रम के अनुसार उनके नामों की सूची बनाएगा, और इस परीक्षा का परिणाम निकलने पर जितनी अनारक्षित खाली जगहों पर भर्ती करने का फैसला किया गया हो उतने ही ऐसे उम्मीदवारों को योग्यता-क्रम के अनुसार नियुक्त करने के लिए सिफारिश की जाएगी जो आयोग द्वारा परीक्षा में योग्य माने गए हों ।

परन्तु यदि समान्य स्तर से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या तक अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवार नहीं भरे जा सकते हों, तो आरक्षित कोटा में कमी पूरी करने के लिए आयोग द्वारा स्तर में छूट देकर, चाहे परीक्षा के योग्यता क्रम में उनका कोई भी स्थान हो, नियुक्ति के लिए सिफारिश किए जा सकेंगे, बशर्ते ये उम्मीदवार इन सेवा/पदों पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त हो ।

18. प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षाफल की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाय, इसका निर्णय आयोग स्वयं करेगा और आयोग उनसे परीक्षाफल के बारे में कोई पत्र व्यवहार नहीं करेगा ।

19. परीक्षा के परिणाम पर नियुक्ति करते समय उम्मीदवार द्वारा आवेदन पत्र में विभिन्न सेवाओं/पदों के लिए बताये गये, अधिमान-क्रम पर उचित ध्यान दिया जायेगा (आवेदन-पत्र का स्तम्भ 25 देखिए) ।

20. नियुक्तियां दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जाएंगी । यदि आवश्यक समझा गया तो परिवीक्षा-अवधि बढ़ाई जा सकेगी ।

21. उम्मीदवारों को सहायक-ग्रेड में उनकी नियुक्ति की तारीख से दो वर्ष के भीतर कम से कम 30 शब्द प्रति मिनट की गति से (सचिवालय प्रशिक्षण स्कूल द्वारा ली जाने वाली) टाइपिंग परीक्षा पास करनी होगी । यदि वे नियत अवधि के भीतर परीक्षा पास न कर सकें तो वे सहायक ग्रेड में आगे वेतन-वृद्धि पाने के तब तक अधिकारी न होंगे जब तक कि वे उक्त परीक्षा पास न कर लें या उन्हें किसी विशेष या सामान्य आदेश के अधीन ऐसी परीक्षा पास करने की आवश्यकता से छूट न दी जाय और परीक्षा पास कर लेने पर या उसके छूट मिल जाने पर उनका वेतन यह मान कर फिर से इस प्रकार नियत किया जाएगा कि उनकी वेतन-वृद्धि रोकी ही नहीं गई थी, परन्तु जितनी अवधि के लिए वेतन-वृद्धि रोकी गई थी उस अवधि का बकाया वेतन उन्हें नहीं दिया जायेगा ।

22. केन्द्रीय सचिवालय सेवा, भारतीय विदेश सेवा (बी०), रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा, सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा में सहायकों और भारत के चुनाव आयोग तथा पर्यटन विभाग में सहायकों के पदों की सेवा की शर्तें परिशिष्ट-II में संक्षेप में दी गई हैं ।

एम० के० वासुदेवन, अवर सचिव

परिशिष्ट 1

भारत सरकार द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालयों की सूची

(देखिये नियम 6)

भारतीय विश्वविद्यालय

कोई भी ऐसा विश्वविद्यालय जो भारत के केन्द्रीय या राज्य विधान मण्डल के अधिनियम से नियमित किया गया हो या अन्य शिक्षा संस्थान जो संसद् के अधिनियम द्वारा स्थापित किए गए हों, अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अंतर्गत विश्वविद्यालयों के रूप में मान्य घोषित किए गए हों।

बर्मा के विश्वविद्यालय

रंगून विश्वविद्यालय

मांडले विश्वविद्यालय

इंग्लैंड और वेल्स के विश्वविद्यालय

बर्मिघम, ब्रिस्टल, कैम्ब्रिज, डरहम, लीड्स, लिवरपूल, लंदन, मैन्चेस्टर, आक्सफोर्ड, रीडिंग शेफील्ड और वेल्स के विश्वविद्यालय

स्काटलैण्ड के विश्वविद्यालय

एबरडीन, एडिनबरा, ग्लासगो और सेन्ट एन्ड्रूज विश्वविद्यालय ।

आयरलैंड के विश्वविद्यालय

डबलिन विश्वविद्यालय (ट्रिनिटी कालेज), नेशनल यूनिवर्सिटी आफ आयरलैण्ड, दि क्वीन्स यूनिवर्सिटी, बेलफास्ट ।

पाकिस्तान के विश्वविद्यालय

पंजाब विश्वविद्यालय, ढाका विश्वविद्यालय, सिंध विश्वविद्यालय और राजशाही विश्वविद्यालय ।

नेपाल के विश्वविद्यालय

त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमाण्डू ।

परिशिष्ट 1—क

परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए मान्यता प्राप्त योग्यताएं

(देखिये नियम 6)

1. गुरूकुल विश्वविद्यालय, कांगड़ी, हरिद्वार की "अंलकार पदवी"
2. काशी विद्यापीठ, वाराणसी का "शास्त्री"
3. फ्रांसीसी परीक्षा "प्रापेदतीक" (Propedeutique)
4. उच्च ग्राम शिक्षा की राष्ट्रीय परिषद् के ग्राम सेवाओं में डिप्लोमा ।
5. विश्वभारती विश्वविद्यालय का ग्राम सेवा डिप्लोमा ।
6. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् का वाणिज्य में डिप्लोमा ।
7. केन्द्र सरकार के अधीन उच्च सेवाओं और पदों की भर्ती के लिए सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् का इंजीनियरी अथवा प्रोद्योगिकी में राष्ट्रीय डिप्लोमा ।
8. भारतीय खान विद्यालय, धनबाद, की खनन इंजीनियरी में डिप्लोमा ।
9. श्री अरविंद अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा केन्द्र, पाण्डिचेरी का "उच्चतर पाठ्यक्रम", यदि पूर्ण क्षात्र (फुल स्टूडेंट) के के रूप में यह पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया हो ।
10. शास्त्री (अंग्रेजी सहित) या पुराना शास्त्री या सम्पूर्ण शास्त्री परीक्षा जिसमें अंग्रेजी एक विषय सहित अतिरिक्त विषयों में विशेष परीक्षा हो अर्थात् वाराणसी संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी का वरिष्ठ शास्त्री ।

11. मानवशास्त्र एवं प्राकृतिक विज्ञान के क्षेत्र में रूस के किसी उच्च शिक्षण सस्थान का समकक्ष स्नातक डिप्लोमा बिना प्रथम वैज्ञानिक निबन्ध के परन्तु राज्य परीक्षायें की गई हों।

परिशिष्ट 11

परीक्षा के विषय, परीक्षा के लिए दिया गया समय और प्रत्येक विषय पूर्णांक इस प्रकार होंगे।

विषय	पूर्णांक	दिया गया समय
1—निबन्ध . .	100	2 घण्टे
2—सामान्य अंग्रेजी .	200	3 घण्टे
3—अंकगणित	100	2 घण्टे
4—सामान्य ज्ञान, जिसमें भारत का भगोल भी शामिल है	100	2 घण्टे

2. परीक्षा का पाठ्य विवरण साथ लगी अनुसूची में दिया गया है।

3. उम्मीदवार प्रश्न पत्र 1 या प्रश्न पत्र 4 अथवा दोनों प्रश्न पत्रों का उत्तर हिन्दी (देवनागरी) या अंग्रेजी में दे सकते हैं। प्रश्न पत्र 2 और 3 का उत्तर सभी उम्मीवारों को अंग्रेजी में ही देना पड़ेगा।

नोट 1—यह विकल्प पूरे प्रश्न पत्र के लिए होगा, उसी प्रश्न पत्र के विभिन्न प्रश्नों के लिए नहीं।

नोट 2—उक्त प्रश्नपत्रों के उत्तर हिन्दी (देवनागरी) में देने का विकल्प चाहने वाले उम्मीदवारों को अपने इस इरादे का उल्लेख आवेदन पत्र के कालम 8 में स्पष्ट रूप से करना चाहिए, नहीं तो यह समझा जाएगा कि वे सभी प्रश्नपत्रों के उत्तर अंग्रेजी में ही देंगे।

एक बार किया गया विकल्प अन्तिम माना जायगा और उक्त कालम में कोई परिवर्तन करने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायगा।

4. उम्मीदवारों का सभी उत्तर अपने हाथ से लिखने होंगे। किसी भी हालत में उन्हें उत्तर लिखने के लिए अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जायगी।

5. आयोग अपने निर्णय से परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के अर्हक (क्वालीफाइंग) अंक निर्धारित कर सकता है।

6. केवल सतही ज्ञान के लिए अंक नहीं दिए जाएंगे।

7. खराब लिखावट के कारण लिखित विषयों के पूर्णांक में से 5 प्रतिशत अंक काट लिए जाएंगे।

8. परीक्षा के सभी विषयों में कम से कम शब्दों में, क्रमबद्ध, प्रभावपूर्ण ढंग से और ठीक ठीक की गई भावाभिव्यक्ति को विशेष महत्व दिया जाएगा।

9. उम्मीदवारों से मुद्रा, तौल, और माप की मीट्रिक प्रणाली से परिचित होने की आशा की जाती है। प्रश्नपत्रों में यथाआवश्यक मुद्रा, तौल और माप की मीट्रिक प्रणाली से संबधित प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

अनुसूची

परीक्षा का पाठ्य विवरण

1—निबन्ध : दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखना होगा।

2. सामान्य अंग्रेजी :

(1) सार-लेखन और मसौदा लेखन :—अंग्रेजी समझने और लिखने की शक्ति की परीक्षा करने के लिए प्रश्न पूछे जाएंगे। आम तौर पर, संक्षेप या सार लिखने के लिए अवतरण (प्लेसज) दिये जाएगे। उम्मीदवारों को कुछ सामग्री दी जाएगी और उन्हें सामग्री का समुचत उपयोग करते हुए पत्रों, ज्ञापनों आदि के मसौदे तैयार करने को भी कहा जाएगा।

(ii) पर्यायों, विलोमों, शब्दों तथा पदों के मुहावरेदार प्रयोग और सामान्य मूलों के बारे में प्रश्न पूछे जाएंगे।

(iii) शब्द-भेद (पार्टस आफ स्पीच), वाक्य-विश्लेषण, वाक्य रचना तथा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कथन (डायरेक्ट और इन डायरेक्ट स्पीच)।

नोट—प्रश्न पत्र 2 में सार लेखन के लिए 75 अंक, मसौदा लेखन के लिए 75 अक और व्याकरण, मुहावरों आदि के लिए 50 अंक होंगे

प्रश्न पत्र 1 और 2 में का उद्देश्य उम्मीदवारों की शुद्ध भाषा लिखने की योग्यता की परीक्षा करना है। वाक्य-विन्यास तथा योजना, सामान्य अभिव्यक्ति और भाषा के व्यावहारिक प्रयोग पर ध्यान दिया जाएगा।

3 अंकगणित :

अनुपात तथा समानुपात, प्रतिशतता, औसत, आंकड़ों का ग्राफीय निरूपण, रेखिक ग्राफों का पढ़ना और आंकड़ों का सारणीकरण।

बुद्धिमत्ता, यथातथ्यता और काम को तेजी से करने की योग्यता की जांच करने के लिए प्रश्न पूछे जाएंगे।

4 सामान्य ज्ञान, जिसमें भारत का भूगोल भी शामिल है :

सामयिक घटनाओं का ज्ञान और जो कुछ हम प्रतिदिन देखते और अनुभव करते हैं उनके वैज्ञानिक पक्षों का ज्ञान, जो एक ऐसे साधारण पढ़े लिखे आदमी को होना चाहिए जिसने किसी वैज्ञानिक विषय का विशेष अध्ययन न किया हो इस प्रश्न में भारतीय भूगोल संबंधी प्रश्न पूछे जाएंगे। इस प्रश्न पत्र में भारतीय इतिहास से संबंधित ऐसे प्रश्न भी पूछे जाएंगे जिसका उत्तर उम्मीदवार बिना किसी विशेष अध्ययन के ही दे सकते हैं।

परिशिष्ट-III

उन सेवाओं/पदों से सम्बन्धित संक्षिप्त विवरण जिनके लिए इस परीक्षा के द्वारा भर्ती की जा रही है।

1. (1) केन्द्रीय सचिवालय सेवा

केन्द्रीय सचिवालय सेवा में इस समय नीचे लिखे चार ग्रेड हैं :—

(1) सेलेक्शन ग्रेड (उप सचिव या समकक्ष अधिकारी) रु० 1100-50-1300-60-1600-100-1800।

(2) ग्रेड 1 (अवर सचिव या समकक्ष अधिकारी) रु० 900-50-1250।

(3) अनुभाग अधिकारी ग्रेड-रु० 350-25-500-30-590-द० रो०-30-800- द० रो०-30-830-35-900।

(4) सहायक ग्रेड : रु० 210-10-270-15-300-द० रो०-15-450-द० रो०-20-530।

नोट : जो सहायक, अनुभाग अधिकारियो के पद पर पदोन्नत किये जाते हैं, उन्हें कम से कम 400 रु० प्रति मास वेतन दिया जाएगा।

(2) सहायकों के रूप में सीधे भर्ती किए गए व्यक्तियों को दो वर्ष तक परिवीक्षा पर रखा जाएगा। इस परिवीक्षा अवधि में उनको सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण लेना होगा और विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी। यदि परिवीक्षाधीन सहायक प्रशिक्षण अवधि में पर्याप्त प्रगति न दिखा सके या परीक्षाएं पास न कर सकें तो उसे सेवा से मुक्त किया जा सकेगा।

(3) परिवीक्षा अवधि के समाप्त होने पर सरकार परिवीक्षाधीन को उसकी नियुक्ति पर पक्का कर सकती है, या सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा हो तो सरकार उसे या तो सेवा मुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा अवधि को, जितना उचित समझे और बढ़ा सकती है।

(4) केन्द्रीय सचिवालय सेवा में भर्ती किए गए सहायकों को केन्द्रीय सचिवालय सेवा योजना में शामिल किसी एक मंत्रालय या कार्यालय में नियुक्त किया जा सकता है। तथापि उन्हें किसी भी समय ऐसे किसी एक मंत्रालय या कार्यालय में स्थानान्तरण किया जा सकता है।

(5) सहायक इस संबंध में समय समय पर लागू होने वाले नियमों के अनुसार ऊंचे ग्रेड में पदोन्नति पा सकेंगे।

(6) जिन व्यक्तियों को उनके अपने ही विकल्प के आधार पर केन्द्रीय सचिवालय सेवा के सहायक ग्रेड में नियुक्त किया गया हो वे अपनी इस नियुक्ति के बाद भारतीय विदेश सेवा (बी) या रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा योजना के संवर्ग (केडर) के किसी पद पर स्थानान्तरण या नियुक्त का दावा नहीं कर सकेंगे।

(II) भारतीय विदेश सेवा (बी)

विदेश मंत्रालय में और विदेशों में स्थित भारतीय राजनियक, कांसुली एवं वाणिज्यक दूतावासों व केन्द्रों में सहायकों के सभी पद तथा विदेश व्यापार मंत्रालय में सहायकों के कुछ पद भारतीय विदेश सेवा (बी) के सामान्य संवर्ग के ग्रेड 4 में सम्मिलित हैं। ग्रेड 4 के नीचे के ग्रेडों को छोड़कर भारतीय विदेश सेवा (बी) के सामान्य संवर्ग के विभिन्न ग्रेड निम्नलिखित हैं:—

ग्रेड	पद	वेतन मान
ग्रेड 1	मुख्यालय में अवर सचिव विदेश में स्थित दूतावासों और केन्द्रों में प्रथम और द्वितीय सचिव।	रु० 900-50 1250।
एकीकृत ग्रेड 2 और 3	मुख्यालयों में सहकारी और अनुभाग अधिकारी विदेशों में स्थित दूतावासों और केन्द्रों में उप कांसुल और रजिस्ट्रार।	रु० 350-25-500-30-590-द० रो०-30-800-द०रो०-30-830-35-900।
ग्रेड 4	मुख्यालय में तथा विदेशों में स्थित दतावासों और केन्द्रों में सहायक	रु० 210-10-270-15-300-द० रो०-15-450-द० रो०-20-530।

टिप्पणी :—एकीकृत ग्रेड II और III में पदोन्नत सहायकों को कम से कम 480 रुपये मासिक वेतन दिया जाता है।

2. भारतीय विदेश सेवा (बी) के संवर्ग के ग्रेड 4 (सहायक) के लिए चुने गये उम्मीदवारों को प्रारम्भ में अस्थायी रिक्तियों में नियुक्त किया जायेगा। फिर भी, वे अन्यथा पात्र होने पर अपनी बारी में, भारतीय विदेश सेवा (बी) (भर्ती, संवर्ग, वरिष्ठता और पदोन्नति) नियम 1964 के अनुसार स्थायी किए जायेंगे। किन्तु यह अभिस्थायी रिक्त स्थानों की उपलब्धि पर निर्भर होगा। उम्मीदवारों की ग्रेड 4 में नियुक्ति सामान्य तथा संघ लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित क्रमानुसार की जायगी यदि विदेश सेवा में सेवा के योग्य नहीं पाये जाने पर उन्हें अस्वीकार किया गया हो। विदेश सेवा के लिए उनकी उपयुक्तता को निर्धारण करने के लिए उम्मीदवार को एक चयन ग्रेड जो विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा गठित किया जायगा के समक्ष साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा।

3. भारती विदेश सेवा (बी) में सामान्य संवर्ग के ग्रेड 4 में सीधे भर्ती किए गये व्यक्तियों को दो वर्ष तक परिवीक्षाधीन रखा जायगा। इस दौरान उन्हें ऐसे प्रशिक्षण लेने होंगे और ऐसी परीक्षाएं पास करनी होगी जो सरकार द्वारा निर्धारित

की गई हों। प्रशिक्षण के दौरान सन्तोषजनक प्रगति न करने अथवा परीक्षाएं पास न करने के फलस्वरूप परिवीक्षाधीन को नौकरी से निकाला जा सकता है।

4. भारतीय विदेश सेवा (बी) में नियुक्त किए गए व्यक्तियों का केन्द्रीय सचिवालय सेवा और रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा संवर्ग में शामिल पदों पर नियुक्त किये जाने का अधिकार नहीं होगा। इसके अतिरिक्त ऐसे सभी व्यक्ति जिन्हें भारत अथवा विदेश में किसी पद पर नियुक्त किया जाये सेवा करने को बाध्य होंगे।

5. भारतीय विदेश सेवा (बी) के सदस्य जब भारत में सेवायुक्त हों तो उन्हें अपने मूल वेतन के अतिरिक्त ऐसे भत्ते भी मिलेंगे जो अन्य केन्द्रीय सरकार के समान पद धारण करने वाले कर्मचारियों को मिलते हैं। जब ये अधिकारी विदेश में नियुक्त किए जाते हैं तो कुछ रियायतें पाने के हकदार होंगे—जैसे उनके लाभ के लिये सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित स्केल के अनुसार विदेश भत्ता, निःशुल्क फर्नीचर युक्त निवास स्थान, बच्चों का शिक्षण भत्ता, सज्जा भत्ता और उनके तथा उनके परिवार इत्यादि के लिए यात्रा भाड़ा इत्यादि किया जाता है। ये रियायतें ऐसे सामान्य नियमों के अनुसार जो कि सरकार लेती है वापस ली जा सकती है, संशोधित की जा सकती है अथवा बढ़ाई जा सकती है।

6. भारती विदेश सेवा (बी) में नियुक्त सभी अधिकारी भारतीय विदेश सेवा (शाखा-बी) (भर्ती, संवर्ग, वरिष्ठता और पदोन्नति) नियम 1964 के अधीन और अन्य ऐसे नियमों और विनियमों के अधीन होंगे जो सेवा पर लागू होने के लिए सरकार भविष्य में बनाये।

7. भारतीय विदेश सेवा (बी) के समामन्य संवर्ग (सहायक) के ग्रेड 4 में नियुक्त व्यक्ति, भारतीय विदेश सेवा (शाखा-बी) (भर्ती, संवर्ग, वरिष्ठता और पदोन्नति) नियम 1964 में समाविष्ट उपबन्धों के अनुसार उच्च ग्रेडों में पदोन्नति पाने के पात्र होंगे।

टिप्पणी:—भारतीय विदेश सेवा (भर्ती, संवर्ग, वरिष्ठता और पदोन्नति) नियम 1961 के अनुसार भारतीय विदेश सेवा (बी) के ग्रेड-1 के अधिकारियों को भारतीय विदेश सेवा (ए) के वरिष्ठ वेतन मान में पदोन्नति के लिए 900-50-1000-60-1600-50-1800 के वेतनमान में सीमित कोटा उपलब्ध है।

(iii) रेलवे बोर्ड सचिवालय

(क) जहां तक भर्ती, प्रशिक्षण, पदोन्नति आदि का संबंध है, रेलवे मंत्रालय में नियुक्त कर्मचारियों की सेवा की शर्तें रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा नियम, 1969 द्वारा नियमित होती है जो मोट तौर पर केन्द्रीय सचिवालय सेवा नियम 1962 के समान ही हैं।

(ख) रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा में नीचे लिखे ग्रेड शामिल हैं :—

(I)	प्रवर ग्रेड संयुक्त निदेशक उप सचिव रेलवे बोर्ड के ग्रेड के ऐसे पद जो रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर धारण किये जाते हैं।	रु० 1100-50-1300 -60-1600-100-1800।
(II) (क)	उप निदेशकों का ग्रेड : उप-निदेशक रेलवे बोर्ड के ऐसे पद जो रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर धारण किये जाते हैं।	रु० 900-50-1250+ विशेष वेतन 200 रु० मासिक।
(ख)	ग्रेड 1 : सहायक निदेशक और अवर सचिव।	रु० 900-50-1250
(III)	अनुभाग अधिकारी ग्रेड	रु० 350-25-500-30-590-द० रो०-30-800-द० रो०-30-830-35-900।
(IV)	सहायक ग्रेड	रु० 210-10-270-15-300-द० रो०-15-450-द० रो०-20-530।

अनुभाग अधिकारियों और सहायकों के पदों पर सीधी भर्ती की जाती है। जो सहायक, अनुभाग अधिकारियों के पद पर पदोन्नति किये जाते हैं, उन्हें कम से कम 400 रु० प्रतिमास वेतन दिया जाता है।

(ग) रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा रेलवे मंत्रालय तक ही सीमित है और इसके कर्मचारियों का स्थानान्तरण केन्द्रीय सचिवालय सेवा की भांति अन्य मंत्रालयों को नहीं हो सकता।

(घ) सहायकों के रूप में सीधी भर्ती किये गए अधिकारियों को सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण लेना होगा और विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी। यदि प्रशिक्षण अवधि में पर्याप्त प्रगति न दिखा सकें या परीक्षाएं पास न कर सकें तो उन्हें सेवा से मुक्त कर दिया जाएगा।

(ङ) सहायक इस संबंध में समय-समय पर लागू होने वाले नियमों के अनुसार ऊंचे ग्रेडों में पदोन्नति पा सकेंगे।

(च) इन नियमों के अन्तर्गत भर्ती किए गए रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा के अधिकारी :—

(i) पेंशन के लाभों के पात्र होंगे और

(ii) जिस दिन कार्य सम्भालें उस तारीख को नियुक्त रेलवे कर्मचारियों पर लागू होने वाले गैर-अंशदायी राज्य रेल भविष्य निधि के नियमों के अन्तर्गत निधि में अभिदान करेंगे।

(छ) रेल मंत्रालय में नियुक्त कर्मचारियों को अन्य रेल कर्मचारियों के समान ही पास और सुविधा टिकट आदेश की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

(ज) जहां तक छुट्टी और सेवा की अन्य शर्तों का संबंध है, रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा में शामिल किए गए कर्मचारियों को रेलवे के अन्य अधिकारियों के समान ही समझा जाता है; परन्तु चिकित्सा सुविधाओं के मामले में इन पर वे ही नियम लागू होंगे जो केन्द्रीय सरकार के उन अन्य कर्मचारियों पर लागू होते हैं, जिनके मुख्यालय नई दिल्ली में हैं:

(IV) सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा

सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा में इस समय नीचे लिखे चार ग्रेड हैं :—

(1) वरिष्ठ सिविल स्टाफ अफसर (श्रेणी-I) रु० 1100-50-1400।

(2) सिविल स्टाफ अफसर (श्रेणी-I) रु० 740-30-800-50-1150।

(3) सहायक सिविल स्टाफ अधिकारी (श्रेणी-II राजपत्रित) रु० 350-25-500-30-590-द०रो०-30-800।

(4) सहायक (श्रेणी-II अराजपत्रित रु० 210-10-270-15-300-द रो -15-950-द०रो०-20-530।

नोट :—सहायक के ग्रेड के अधिकारी को सहायक सिविल स्टाफ अधिकारी के ग्रेड पर पदोन्नत होने पर सहायक सिविल स्टाफ अधिकारी के ग्रेड के वेतनमान में कम से कम 400 रु० का आरम्भिक वेतन दिया जायगा।

(2) सहायकों के रूप में सीधे भर्ती किए गए व्यक्तियों को दो वर्ष तक परिवीक्षा पर रखा जायगा। इस परिवीक्षा-अवधि में उनको सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण लेना होगा और विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी। यदि परिवीक्षाधीन सहायक प्रशिक्षण अवधि में प्रयाप्त प्रगति न दिखा सके या परीक्षाएं पास न कर सके तो उसे सेवा से मुक्त किया जा सकेगा।

(3) परिवीक्षा-अवधि के समाप्त होने पर सरकार परिवीक्षाधीन को उसकी नियुक्ति पर पक्का कर सकती है, या सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा हो तो सरकार उसे या तो सेवा मुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा अवधि को, जितना उचित समझे, और बढ़ा सकती है।

(4) सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा में भर्ती किए गए सहायकों को सेवा मुख्यालय या सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा योजना में शामिल अन्तर सेवा संगठनों में से किसी एक में नियुक्त किया जा सकता है। तथापि, उन्हें किसी भी समय ऐसे किसी अन्य मुख्यालय या कार्यालय में स्थानांतरित किया जा सकता है।

(5) सहायक इस संबंध में समय समय पर लागू होने वाले नियमों के अनुसार ऊंचे ग्रेडों में पदोन्नति पा सकेंगे।

(6) जो व्यक्ति सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा के सहायकों के ग्रेड में नियुक्त हो गए हैं, उनका, ऐसी नियुक्ति के उपरान्त, इस सेवा से बाहर किसी पद पर नियुक्ति अथवा स्थानांतरण के लिए कोई अधिकार नहीं होगा।

इस्पात और खान मंत्रालय

(इस्पात विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 1 अक्तूबर 1971

संकल्प

सं० आर० एम०-5(6)/70—उष्मसह विशेषज्ञ समिति की स्थापना के बारे में भारत के तारीख 6-2-71 के राजपत्र में प्रकाशित तारीख 7-1-1971 के संकल्प संख्या 5(6)/70 (समय-समय पर यथा संशोधित) का आंशिक आशोधन करते हुए भारत सरकार ने निश्चय किया है कि इस संकल्प की तारीख से भारतीय खान ब्युरो, नागपुर के डिप्टी मिनरल इकोनामिस्ट श्री जी० डी० कालरा इस समिति के सदस्य होंगे।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए। यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति सभी संबंधितों को भेज दी जाए।

के० वी० रामनाथन, संयुक्त सचिव

औद्योगिक विकास मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 11 अक्तूबर 1971

संकल्प

सं० 3-1/70-एम० टी०—भारत सरकार ने संकल्प सं० 4-32/67-एम० टी० दिनांक 17 जनवरी, 1969 के द्वारा भट्ठी उद्योग के विकास से संबंधित विभिन्न मामलों की समीक्षा करने तथा इस उद्योग के सामने आने वाली विभिन्न समस्याओं पर समय-समय पर उचित सुझाव देने के विचार से भट्ठी उद्योग के हेतु एक नामिका का गठन किया था। नामिका का कार्यकाल समाप्त हो जाने पर, अब भट्ठी उद्योग की नामिका का पुनर्गठन करने का निश्चय किया गया है, जिसमे निम्नलिखित सदस्य होंगे :

1. श्री आर० के० गेज्जी, सदस्य
निदेशक,
केन्द्रीय मशीनी औजार संस्थान,
बंगलौर-22।

2. श्री अर्जन वसवानी, अध्यक्ष, सदस्य
औद्योगिक भट्ठी डिवीजन,
इंडियन इंजीनियरिंग एसोसियेशन, तथा
प्रबंध निदेशक, वेसमैन इंजीनियरिंग कम्पनी लि०,
एलेनबरा कोर्ट, 1/2 एलेनबरी रोड,
कलकत्ता-20।

3. श्री वाई० पी० वत्स, सदस्य
ग्रुप मैनेजर (भट्ठी),
मे० जनरल इलैक्ट्रिक कम्पनी आफ इंडिया लि०,
6-चितरंजन एवेन्यु, कलकत्ता-13।

4. श्री एच० टी० मखीजनी, सदस्य
चीफ टैक्नीकल एक्जीक्यूटिव,
मे० वैस्टरवर्क इंजीनियर्स प्रा० लि०,
5-डी०, वलरन इन्शोरेंस बिल्डिंग,
वीर नारी मैन रोड, चर्चगेट, बम्बई-20 (बी० आर०)

5. श्री एम० एस० मलानी, सदस्य
मे० वल्कन इंजीनियर्स प्रा० लि०,
महालक्ष्मी चैम्बर्स,
मूलाभाई देसाई रोड,
बम्बई-26 (प० य०)

6. डा० डी० पी० चटर्जी, सदस्य
आई० ओ० एफ० एम०,
परामर्शदाता इंजीनियर,
निवारन स्मृति बैली,
हावड़ा (पश्चिम बंगाल)

7. श्री पी० सी० लाहा, सदस्य
उप मुख्य इंजीनियर (सी० ई० डी० बी०)
हिन्दुस्तान स्टील लि०,
रांची ।

8. श्री जी० एम० रामशेषन, सदस्य
ए० डी० जी० ओ० एफ० (प्रोजेक्ट),
महानिदेशक, आर्डनेंस फैक्टरी,
44-पार्क स्ट्रीट, कलकत्ता-16 ।

9. श्री सी० के० मोदी, सदस्य,
उप सचिव,
औद्योगिक विकास मंत्रालय,
उद्योग भवन, नई दिल्ली ।

10. श्री गुरबक्श सिंह, सदस्य
औद्योगिक सलाहकार (टूल्स)
तकनीकी विकास का महा निदेशालय,
उद्योग भवन, नई दिल्ली ।

11. श्री आर० एम० बसु, सदस्य-सचिव
विकास अधिकारी (टूल्स),
तकनीकी विकास का महानिदेशालय,
उद्योग भवन, नई दिल्ली ।

नामिका का कार्यकाल एक वर्ष का होगा ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त संकल्प की एक-एक प्रति सभी संबंधित व्यक्तियों को भेजी जाए और इसे सर्व साधारण की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में भी प्रकाशित किया जाये ।

(औद्योगिक विकास विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 23 अक्तूबर, 1971

सं० 1-11/69-एच० एम० (1)—भूतपूर्व इस्पात खान तथा भारी इंजीनियरी मंत्रालय के संकल्प संख्या 1-2/63 दिनांक 25 मार्च, 1964 के संदर्भ में जो बाल बियरिंग उद्योग की नामिका का गठन करने के बारे में है ।

2. समय-समय पर परिवर्तन किये जाने से नामिका निम्न-प्रकार से पुनर्गठन करने का निश्चय किया गया है :—

क्र० सं०	नाम	पदनाम
1.	श्री एम० एम० बाडी, वरिष्ठ औद्योगिक सलाहकार (इंजीनियरी) तकनीकी विकास का महानिदेशालय, नई दिल्ली ।	अध्यक्ष
2.	श्री सी० के० मोदी, उप-सचिव, औद्योगिक विकास मंत्रालय, नई दिल्ली ।	सदस्य
3.	श्री एम० आई पटेल, प्रबंध निदेशक, ऐंटीफ्रिकशन बियरिंग्स कारपोरेशन लिमिटेड, लोनावला (महाराष्ट्र)	सदस्य
4.	श्री श्रीधर, श्री राम बियरिंग्स इंडिया लिमिटेड, डी० सी० एम० प्रीमिसेज बाड़ा हिंदुराव, दिल्ली ।	सदस्य
5.	श्री जी० माधवन, प्रबंध निदेशक, मे० इंडो-निप्पान प्रेसिज़न बियरिंग्स लि०, हैदराबाद ।	सदस्य
6.	श्री वी० पी० सोनी, संयुक्त निदेशक, रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली ।	सदस्य
7.	श्री आर० दत्त, मुख्य अभियंता (चीफ इंजीनियर), राष्ट्रीय औद्योगिक विकास निगम लि०, उद्योग भवन, विनय मार्ग, नई दिल्ली-21 ।	सदस्य
8.	श्री एस० के० सेन, निदेशक, भारतीय मानक संस्था, 1/9, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-1 ।	सदस्य
9.	श्री सी० जे० तलसानिया, दि प्रीमियर आटोमोबाइल लि०, आगरा रोड, कुरला, बम्बई-70	सदस्य

10. श्री पी० एम० पियारा, सदस्य
प्रबंधक (ऐंसिलरीज डेवलपमेंट),
टाटा इंजीनियरिंग ऐंड लोकोमोटिव कम्पनी लि०
बम्बई हाउस, 24 ब्रुस स्ट्रीट,
बम्बई-1 ।

11. श्री ए० सी० गुप्ता, सदस्य
ज्योति लिमिटेड,
इंडस्ट्रियल एरिया
बड़ौदा-3 ।

12. श्री एम० के० जोशी, सदस्य
निदेशक,
प्रेसिजन बीयरिंगस इंडियन लि०,
वार्वल हाउस, 15 ग्राह्म रोड,
बम्बई-1 ।

13. श्री जे० डी. थिरान, सदस्य
महाप्रबंधक,
नेशनल इंजीनियरिंग इण्डस्ट्रीज लि०,
जयपुर ।

14. श्री बी० फेडिकशन, सदस्य
प्रबंध निदेशक,
एसोसियेटेड बियरिंग कम्पनी, लि०,
महात्मागांधी स्मारक भवन,
नेताजी सुभाष रोड,
बम्बई-2 ।

15. श्री ए० एस० जयरामन, सदस्य
वाहन निदेशक, (डाइरेक्टर आफ वैहिकल्स)
अनुसंधान तथा विकास रक्षा मंत्रालय
नई दिल्ली ।

16. श्री त्रिलोयन सिंह साहनी, सदस्य
प्रबंध निदेशक,
नोडल बीयरिंग कं० लि०,
थाना (महाराष्ट्र) ।

17. श्री एन० कृष्णस्वामी,
औद्योगिक सलाहकार,
तकनीकी विकास का महानिदेशालय,
नई दिल्ली ।

18. श्री एम० राम राव, सदस्य-सचिव,
विकास अधिकारी,
तकनीकी विकास का महानिदेशालय,
नई दिल्ली ।

एस० कमल, अवर सचिव ।

स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय
(स्वास्थ्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 6 जुलाई 1971

प०सं० 2-74/71-अस्पताल—भारत सरकार समझती है कि विलिंग्डन अस्पताल एवं परिचर्या गृह, नई दिल्ली की कार्य दक्षता और सेवाओं में सुधार करने के लिये यह आवश्यक है कि एक ऐसा प्रभावकारी और शीघ्रता से काम करने वाला कार्यतंत्र बनाया जाय जो बिना किसी अनावश्यक विलम्ब के निर्णय ले और वित्तीय स्वीकृतियां देने में देर न करे । तद्नुसार यह निश्चय किया गया है कि भारत सरकार में स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन मंत्रालय की सामान्य देख रेख में एक उच्च शक्ति प्राप्त नियंत्रण मंडल का गठन किया जाय और उक्त दोनों अस्पतालों का संचालन कार्य उसके अधीन हो ।

2. विलिंग्डन और सफदरजंग अस्पताल के इस नियंत्रण मंडल में निम्नलिखित सदस्य होंगे :—

(1) सचिव (स्वास्थ्य)	अध्यक्ष
(2) संयुक्त सचिव (सं०) स्वास्थ्य विभाग	सदस्य
(3) स्वास्थ्य सेवाओं का महानिदेशक	सदस्य
(4) चिकित्सा अधीक्षक, विलिंग्डन अस्पताल	सदस्य
(5) चिकित्सा अधीक्षक, सफदरजंग अस्पताल	सदस्य
(6) मुख्य अभियंता, सिविल (के०लो०नि० वि०)	सदस्य
(7) वरिष्ठ वास्तुविदा (स्वा०से०म०मि०)	सदस्य
(8) औषधि नियंत्रक, भारत	सदस्य
(9) उप सचिव (आ० वि० स०)	सदस्य
(10) उप सचिव (चि०)	सदस्य सचिव

3. (क) इस मंडल का मुख्यालय नई दिल्ली में होगा ।

यह मंडल जब कभी भी आवश्यक समझेगा अपनी बैठक बुलायेगा तथा ऐसे अधिकारियों/विशेषज्ञों को जिन्हें वह आवश्यक समझे अपनी बैठकों में बुला सकेगा । इस मंडल को यह भी अधिकार होगा कि यदि यह किसी कार्य के लिये आवश्यक समझे तो उप समितियां भी नियुक्त कर सकता है । यह मंडल विशेषतया और उपर्युक्त उपबन्धों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना निम्नलिखित कार्य करेगा :—

(1) विलिंग्डन अस्पताल और सफदरजंग अस्पताल से संबंधित सभी विषयों पर निर्णय लेना जिनमें उन अस्पतालों का विस्तार करना और आधुनिकीकरण भी सम्मिलित है ।

(2) निर्णय लेने तथा बजट प्रावधान में से धन की स्वीकृति के मामले में स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन मंत्रालय को यथा प्रदत्त सभी शक्तियों का उपयोग करना ।

(3) विलिंग्डन अस्पताल और सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षकों को प्रशासनिक और वित्तीय दोनों प्रकार की ऐसी शक्तियां सौंपने के प्रश्न की जैसी कि वह आवश्यक समझे समय-समय पर जांच करना और उनकी मंजूरी देना ;

(4) अपने कार्य संचालन के प्रयोजन के लिये शक्तियों के प्रत्यायोजन और कार्य प्रणाली के संबंध में नियम तैयार करना ।

(5) विलिंग्डन और सफदरजंग अस्पतालों से, जैसा यह विहित करे, प्रतिवेदन और विवरणियां प्राप्त करना; और

(6) विलिंग्डन और सफदरजंग अस्पतालों के अधिकारियों/डाक्टरों के मामलों में जिम्मेदारी निश्चित करना तथा समुचित अनुशासनिक कार्यवाही की सिफारिश करना ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों/स्वास्थ्य सेवा के महानिदेशालय/विलिंग्डन और सफदरजंग अस्पतालों के नियंत्रण मंडल के सभी सदस्यों को भेज दी जाये ।

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को आम सूचना के लिये भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये ।

प्रेमा जोहरी, *संयुक्त सचिव*

नई दिल्ली, दिनांक 19 अक्टूबर 1971

सं० प० 2-206/71-एम० ई० (पी० जी०)—आम सूचना के लिये यह अधिसूचित किया जाता है कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली, जो कि एक सांविधानिक निकाय है, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, अधिनियम 1956 (1956 का 25) की धारा 24 के अधीन निम्नलिखित उपाधियां प्रदान करने के लिये नीचे लिखे अतिरिक्त पाठ्यक्रम चला रही है, नामत:—

(i) विकिरण-निदान में एम०डी०; और

(ii) विकिरण चिकित्सा में एम० डी०

2. आम सूचना के लिये यह अधिसूचित किया जाता है कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान अधिनियम की धारा 23 के अनुसार उक्त अधिनियम के अधीन इस उक्त संस्थान द्वारा पूर्वोक्त अधिनियम के अधीन प्रदत्त उपाधियों एवं डिप्लोमा भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनिम, 1956 के प्रयोजना के लिये मान्यता प्राप्त चिकित्सा अर्हतायें होंगी तथा उक्त अधिनियम की प्रथम अनुसूची में सम्मिलित समझा जाय ।

3. जब से विकिरण-निदान तथा विकिरण चिकित्सा में एम० डी० की उपाधि दी जाने लगी है तब से विकिरण विज्ञान में एम० डी० की उपाधि देना बन्द कर दिया गया है ।

एन० एस० भाटिया, *अवर सचिव*

नई दिल्ली, दिनांक 26 अक्टूबर, 1971

संकल्प

सं० एफ० 16-19/70-ज० स्वा० ई०—दिल्ली में जल पूर्ति और मल निस्कासन प्रणाली की एक बृहद् योजना (मास्टर प्लान) तैयार करने के लिये इस मंत्रालय के 20 जून, 1970 के संकल्प संख्या एफ० 16-19/70-ज०स्वा ई० के अनुसार एक समिति का गठन किया गया था । भारत सरकार ने उक्त समिति द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अवधि को अब बढ़ा कर जनवरी, 1972 के अन्त तक कर दिया है ।

आदेश

निदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाये ।

एस० के० सुधाकर, *अवर सचिव*

नौवाहन तथा परिवहन मंत्रालय

(परिवहन पक्ष)

नई दिल्ली, दिनांक 22 अक्तूबर 1971

संकल्प

सं० 20-पी० जी० (9)/70—नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय के संकल्प संख्या 20-पी० जी० (9)/70 दिनांक 15 दिसंबर, 1970 में संशोधन करते हुए, भारत सरकार ने पश्चिमी बंगाल के राज्यपाल के भूतपूर्व सलाहकार (सिंचाई तथा जल मार्ग विभाग के प्रभारी) के स्थान पर पश्चिमी बंगाल सरकार के मुख्य सचिव को राष्ट्रीय बन्दरगाह बोर्ड के सदस्य के तौर पर नियुक्त करने का फैसला किया है ।

2. भारत सरकार ने निम्नलिखित व्यक्तियों को भी राष्ट्रीय बन्दरगाह बोर्ड के सदस्यों के रूप में नियुक्त करने का फैसला किया है :

1. श्री ब्रह्मानंद पांडा, सदस्य, राज्य सभा ।
2. श्री कल्याण राय, सदस्य, राज्य सभा ।
3. श्री शंकर राव सांवत, सदस्य, लोक सभा ।
4. श्री एम० एस० संजीवी राव, सदस्य, लोक सभा ।
5. डा० महीपत्रेय मेहता, सदस्य, लोक सभा ।
6. श्री के० के० शेट्टी, सदस्य, लोक सभा ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बोर्ड के सदस्यों, राष्ट्रपति, के सचिव, प्रधान मंत्री के सचिवालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, योजना आयोग/भारत सरकार के मंत्रालय विभाग तथा संबंधित राज्य सरकारों को प्रेषित की जाये ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि सर्वसाधारण की सूचना के लिये उक्त संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये ।

के० नारायणन, *संयुक्त सचिव*

सिंचाई और विद्युत् मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 अक्तूबर 1971

संकल्प

सं० एफ० सी० 11(28)/71—पिछले तीन वर्षों के दौरान बाढ़ों और जल-निकास अवरोध का प्रभाव निचले दामोदर बेसिन पर पड़ा है और इसके परिणामस्वरुप फसल को भारी नुकसान पहुंचा है और बहुत बड़ी जनसंख्या को परेशानी उठानी पड़ी है । इसलिये यह आवश्यक समझा गया है कि हाल के वर्षों में अनुभव की गई गंभीर परिस्थितियों के कारणों का विस्तृत अध्ययन कराया जाय और उस क्षेत्र में होने वाली आवर्तक क्षति के संबंध में मार्गोपाय निकाले जायें । इस प्रयोजन से भारत सरकार ने एक समिति गठित करने का निश्चय किया है ।

2. समिति निम्नलिखित व्यक्तियों की होगी :—

(1) अध्यक्ष, केंद्रीय जल और विद्युत आयोग	अध्यक्ष
(2) अध्यक्ष, जल और विद्युत विकास परामर्श सेवाएं (भारत)	सदस्य

(3) मुख्य इंजीनियर, सिंचाई, पश्चिम बंगाल सदस्य

(4) मुख्य इंजीनियर, सिंचाई, बिहार ,,

(5) महाप्रबंधक, दामोदर घाटी निगम ,,

(6) प्रबंधक, जलाशय, प्रचालन, मैथन सदस्य-सचिव

3. समिति के विचारार्थ विषय ये होंगे :—

(1) हाल के वर्षों में निचले दामोदर क्षेत्र में बाढ़ और जल निकास अवरोध के कारणों का अध्ययन करना।

(2) 1969 में केन्द्रीय जल और विद्युत आयोग और बिहार और पश्चिम बंगाल राज्यों की सलाह से और उनकी सहमति से तैयार किये गये दामोदर-घाटी निगम के जलाशयों की प्रचालन-नियम-पुस्तक में प्रतिपादित नियमों और विनियमों का पुनरीक्षण करना और निचले दामोदर-क्षेत्र में बाढ़ और जल-निकास अवरोध को कम करने की दृष्टि से सुधारों और संशोधनों के सुझाव रखना।

(3) नीचे लिखे कार्यों द्वारा बाढ़ के जल के संग्रहण में वृद्धि कर के दुर्गापुर बराज के जल-निस्सार-अनुप्रवाह को 2.5 लाख क्यूसेक की हद तक सीमित करके, जिसके लिए निम्नवर्ती दामोदर नहरीकरण योजना का डिजाइन तैयार किया जा रहा है और उसे कार्यान्वित किया जा रहा है, अधिक ऊंची बाढ़ों के नियंत्रण की संभावना की जांच करना :—

(क) माइथन और पंचेत बांधों में पूर्ण-जलाशय स्तर तक भूमि और सम्पत्ति का अधिग्रहण।

(ख) तेनू घाट बांध में बाढ़ संग्रहण की व्यवस्था।

(ग) अपर दामोदर बेसिन में और अधिक बांधों का निर्माण।

4. समिति दो महीनों के भीतर अपनी रिपोर्ट दे देगी।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति पश्चिम बंगाल और बिहार की राज्य सरकारों/अध्यक्ष, दामोदर घाटी निगम/प्रधान मंत्री सचिवालय, राष्ट्रपति के निजी और सैनिक सचिव और भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक/योजना आयोग को सूचनार्थ भेज दी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए और पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार और बिहार की राज्य सरकार से अनुरोध किया जाए कि वे इसे राज्य के राजपत्र में सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित करें।

बी० एस० बंसल, संयुक्त सचिव

CABINET SECRETARIAT

(Department of Personnel)

New Delhi, the 13th November, 1971

Rules

No. 6/31/71-*CS(I)*.—The Rules for a competitive examination to be held by the Union Public Service Commission in 1972 for the purpose of filling vacancies in the following Services/posts are published for general information :—

